

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (1 Dec):** जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के इंप्लायमेंट ब्यूरो का ट्यूजडे को एक ज्वाइंट वेबिनार हुआ. जिसमें मोटीवेशनल स्पीकर अरुणेंद्र सोनी, सीएसजेएम यूनिवर्सिटी से डॉ.सिधांशु राय, जागरण इंस्टीटयूट की डायरेक्टर डॉ. दिव्या चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहीं. वेबिनार में करियर काउंसिलिंग की जरूरत पर बात हुई. डॉ. दिव्या चौधरी ने इस दौरान कहा कि कोरोना काल में लाइफ में तनाव बढ़ा है. ऐसे वक्त में काउंसिलिंग से सही रास्ता मिल सकता है. हमें यह जानना बेहद जरूरी है कि क्या करना है उसे हासिल कैसे करना है. हमारी प्राथमिकताएं क्या हैं. हमें निरंतर प्रयास करते रहना होगा. वहीं डॉ. सिधांशु राय ने स्टूडेंट्स को ग्रेजुएशन व पीजी के बाद मौजूद ऑप्शंस के बारे में जानकारी दी. अरुणेंद्र सोनी ने स्टूडेंट्स को कम्यूनिकेशन स्किल और पर्सनल ग्रूमिंग पर टिप्स भी दिए.